**JALAUN POLICE**

**दिनांक – 08.12.2025**

## साइबर थाना जनपद जालौन द्वारा हुण्डई कम्पनी की डीलरशिप लेने के नाम पर फ्रॉड हुई धनराशि वापस कराकर पीडित/शिकायतकर्ता के चेहरे पर लौटाई मुस्कान।

अवगत कराना है कि श्री सागर अग्रवाल पुत्र स्व0 श्री पंकज अग्रवाल नि0 मोहल्ला गणेशजी कस्बा व कोतवाली जालौन के साथ हुण्डई कम्पनी की डीलरशिप लेने के नाम पर कुल राशि 2,95,000 /- रूपये की धनराशि फ्रॉड होने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ था।

साइबर थाना पुलिस टीम जनपद जालौन द्वारा जनपद में ऑनलाइन धोखाधड़ी व साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत साइबर थाना पुलिस टीम द्वारा शिकायतकर्ता द्वारा उपलब्ध कराये गये बैंक स्टेटमेन्ट का अवलोकन व तकनीकी विश्लेषण कर त्वरित व प्रभावी कार्यवाही करते हुये विभिन्न वित्तीय एजेंसियो/बैंको/वालेट आदि से सम्पर्क कर, उपरोक्त शिकायतकर्ता की धनराशि वापस कराने में सफलता प्राप्त की।

अतः शिकायतकर्ता की फ्रॉड हुई धनराशि उनके खाते में वापस होने पर शिकायतकर्ता द्वारा श्रीमान पुलिस अधीक्षक व साइबर थाना पुलिस टीम जनपद जालौन की भूरि भूरि प्रशंसा की गयी।

**बरामदगी का विवरण-**

| क्र0सं0 | शिकायतकर्ता का नाम व पता | फ्रॉड हुयी धनराशि | वापसी धनराशि |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री सागर अग्रवाल | 2,95,000 /- रूपये | 2,95,000 /-रूपये |

**कुल बरामद धनराशि- 2,95,000 /- रूपये (दो पिचानवै हजार रूपये )**

**बरामद कराने वाली टीम-**

1. प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम थाना मय टीम

**-: ऑनलाइन / साइबर फ्रॉड हेतु:-**

**टोलफ्री नम्बर 1930/www.cybercrime.gov.in**